तापमान
अधिकतम 41.1 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, जून 24, 2025

11 ओपन नेशनल पीएमएफओ ग्रेपलिंग लीग में दिखाया दम



12 डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण अब नगर निगम करेगा



## खबर संक्षेप

### गुजवि ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार द्वारा विभिन्न विषयों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित एमएससी मैथेमेटिक्स कोर्स कोड-061 प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर व मेन) बैच 2023 व 2024, एमएससी मैथेमेटिक्स प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022, बीएससी मेडिकल कोर्स कोड-235 प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर) बैच 2022 व 2023 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है।

### निर्वाचन अधिकारियों का प्रशिक्षण आज

**हिसार।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार सभी सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी (प्रथम व द्वितीय), समर्पित सहायक निर्वाचक पंजीयन अधिकारी तथा थर्ड डिम द्वारका नई दिल्ली में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके सभी सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण 24 जून को प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में दिया जाएगा।

### जूनियर रग्बी चैम्पियनशिप हिसार में आज से शुरू

**हिसार।** हरियाणा राज्य में रग्बी फुटबॉल को बढ़ावा देने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम के तहत 10वीं हरियाणा स्टेट इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर रग्बी चैम्पियनशिप- 2025 का आयोजन 24 जून को सुबह जिंदल पार्क, मिल गेट, में किया जाएगा। यह चैंपियनशिप इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के तत्वावधान में हिसार रग्बी एसोसिएशन द्वारा आयोजित की जा रही है जिसमें प्रदेशभर से जूनियर खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता से राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की टीमें भी चयनित की जाएंगी।

### लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक 27 को

**हिसार।** उपायुक्त अनीश यादव ने बताया कि जिला लोक सम्पर्क एवं जनपरिवाद समिति की बैठक 27 जून को प्रातः: 11 बजे होगी। बैठक की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। बैठक का आयोजन जिला सभागार, लघु सचिवालय में होगा। बैठक के दौरान तमाम विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### गोदाम से गेहूं चोरी के मामले में गिरफ्तार

**हिसार।** सदर पुलिस ने चौथा मिल स्थित गोदाम से गेहूं चोरी के मामले में ढंढूर निवासी रिंकू को गिरफ्तार किया है। सहायक उप निरीक्षक सूरजमल ने बताया कि इस संबंध में अग्रवाल कॉलोनी निवासी शुभम बंसल ने 13 जून को चौथा मिल स्थित गोदाम से गेहूं चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। इस पर केस दर्ज करके छानबीन करते हुए पुलिस ने उपरोक्त आरोपी रिंकू को गिरफ्तार किया है।

### बाइक चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**हिसार।** थाना आजाद नगर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में खेदड़ निवासी सुनील उर्फ शीला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में गांव स्याहड़वा निवासी शमशेर सिंह ने 19 फरवरी को आधार अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। उसने बताया कि 19 फरवरी को वह अपने बहनोई के इलाज के लिए मोटरसाइकिल पर आधार अस्पताल आया था और उसने मोटरसाइकिल आधार अस्पताल के बाहर पार्किंग में खड़ी की थी। डॉक्टर से मिलकर अस्पताल के बाहर आए तो मोटरसाइकिल वहां नहीं मिला। पुलिस ने आरोपी सुनील उर्फ शीला को गिरफ्तार किया है।

### हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में छात्रों का धरना 14वें दिन भी जारी

# बरसात में भी डटे रहे आंदोलनकारी, छात्र न्याय महापंचायत आज, तैयारियां पूरी, पुलिस अलर्ट

- महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सहरावत और प्रदेश अध्यक्ष रतनमान समेत संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि पहुंचेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति को हटाने समेत अन्यों मांगों को लेकर 24 जून को होने वाली छात्र न्याय महापंचायत की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। महापंचायत को सफल बनाने के लिए पिछले कुछ दिनों से छात्र तथा उनकी मांगों का समर्थन करने वाले विभिन्न संगठन इसके प्रचार में जुटे हुए थे। मंगलवार को हो रही इस महापंचायत में भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत, राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सहरावत और प्रदेश अध्यक्ष रतनमान समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रतिनिधि पहुंचेंगे। यह महापंचायत हकृवि छात्रों पर 10 जून को हुए लाठीचार्ज, छात्रवृत्तियों में कटौती और कुलपति की मनमानी के विरोध में बुलाई गई है। उधर, छात्र न्याय महापंचायत को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट है। इस बीच छात्र आंदोलन सोमवार को 14वें दिन में प्रवेश कर गया। दोपहर बाद बारिश के बावजूद छात्र डटे रहे। छात्रों का कहना है कि महापंचायत में देश भर से किसान संगठनों, छात्र संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, ग्रामीणों, वकीलों और बुद्धिजीवियों के आने की पुष्टि हो चुकी है।



**हिसार।** धरने पर बैठक विद्यार्थी व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि।



**हिसार।** बारिश में भी धरनास्थल पर डटी छात्राएं।

#### बैठक बुलाकर समर्थन का ऐलान

सेक्टर 16-17 और 13 पार्ट 2 की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन ने सोमवार एक मीटिंग करके 24 जून को हकृवि छात्रों द्वारा बुलाई गई महापंचायत में शामिल होने का फैसला किया। प्रधान इंद्र सिंह मलिक ने बताया कि छात्रों पर प्रशासन द्वारा बर्बरता पूर्ण पिटाई करना अत्यंत निंदनीय कार्य है। छात्रों पर प्रशासन द्वारा नाजायज दबाव बनाया जा रहा है। हरियाणा सरकार को एचएयू के वाइस चांसलर को तुरंत प्रभाव से बर्खास्त करना चाहिए। मलिक ने कहा कि छात्र अच्छी शिक्षा ग्रहण करके विश्वविद्यालय में देश का भविष्य और प्रदेश का नाम करने का काम करते हैं। उनके साथ ऐसा व्यवहार करना आरडब्लूए कतई सहन नहीं करेगा।

#### हकृवि में परीक्षाएं 445 ने दी परीक्षा

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से चल रही हैं। सोमवार को आयोजित की गई परीक्षाओं में 445 विद्यार्थियों ने अपनी नियमित परीक्षाएं दी। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने बताया कि विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में आयोजित की गई परीक्षाओं में 445 विद्यार्थियों ने अपनी नियमित परीक्षाएं एवं प्रैक्टिकल दी। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुरोध किया है कि वे विश्वविद्यालय द्वारा संचालित की जा रही परीक्षाओं को देने के लिए आगे आएं। परीक्षा देना विद्यार्थियों का मौलिक अधिकार है। किसी भी विद्यार्थी को परीक्षा देने से रोकना या जबरदस्ती करना गैर कानूनी है।

# कबाड़ी की दुकान में धमाका तीन घायल, एक गंभीर

- ऋषि नगर स्थित दुकान में हुआ धमाका, पुलिस और बम स्क्वायड टीम पहुंची
- एक युवक की आंते बाहर आ गई, दूसरे के कान का पर्दा फट गया, एक अन्य व्यक्ति के गर्दन पर चोटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर के ऋषि नगर स्थित एक कबाड़ की दुकान में धमाका होने से तीन लोग घायल हो गए। हादसे में घायल एक युवक की आंते बाहर आ गई जबकि दूसरे के कान का पर्दा फट गया। एक अन्य व्यक्ति के भी गर्दन पर चोटें आई है। घायलों को जिले के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। धमाके से दुकान में रखे सामान को भी नुकसान पहुंचा।

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और जांच के लिए आसपास के क्षेत्र को खाली करवाया। हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दुकानदार सुशील ने बताया कि वह 20 साल से कबाड़ का काम करता है और ऋषि नगर में कबाड़ की दुकान है। उसका बहनोई श्रीचंद फेरी लगाकर कबाड़ खरीदने का काम करता है। वह सेक्टर 14 से सोमवार दोपहर को कबाड़ खरीदकर लाए थे। दुकान पर आने के बाद रिक्शा से कबाड़ का सामान खाली कर रहे थे। इसी दौरान सामान में धमाका हुआ और एक पाइप के टुकड़े श्रीचंद के पेट में आकर लगे। इस वजह से उसकी आतें फटकर बाहर आ गईं। पास में काम कर रहे लेबर रिजवान का कान का पर्दा फट गया। पास में खड़े बरवाला के युवक लक्की को गर्दन पर चोटें लगी।



अस्पताल में उपचाराधीन घायल श्रीचंद

#### श्रीचंद की हालत नाजुक

आसपास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। इसके बाद एम्बुलेंस के जरिए घायलों को अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद सुशील के दुकान के साथ लगते दुकानदार अपनी दुकान बंद कर घर चले गए। पुलिस और बम स्क्वायड टीम ने धमाके के बाद पाइप और लोहे के टुकड़ों को जांच के लिए अपने कब्जे में ले लिया। सुशील के मामा के लड़के कृष्ण ने बताया कि अभी श्रीचंद की हालत नाजुक है।

## दो युवकों ने घर में घुसकर युवक व उसकी दादी पर किया हमला

**हांसी।** गांव ढाणा खुर्द में एक युवक और उसकी दादी पर उसके घर में घुसकर हमला कर घायल किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने नागरिक अस्पताल पहुंच घायल युवक ढाणा खुर्द निवासी दीपक के बयान पर जमावड़ी निवासी साहिल यादव व मोनू पंडित पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दिए बयान में दीपक यादव ने बताया कि 20 जून की रात को अपने घर पर सो रहा था कि रात करीब 1:30 बजे साहिल यादव और मोनू पंडित ने घर में घुसकर लाठी डंडों से उस पर हमला किया। दीपक के अनुसार उसके दोस्त अनिकेत और जमावड़ी के साहिल यादव के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। वह दोनों के बीच समझौता कराने के लिए साहिल के हांसी स्थित ऑफिस में गया था।

- दोस्त के विवाद में समझौता कराने गया था युवक

जहां उसे साहिल नहीं मिला और उसके बाद किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसे फोन पर जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद वह कुछ दिन अपने घर से बाहर भी रहा और 19 जून को वापस अपने घर लौटा था। गत 20 जून को जब वह घर पर सो रहा था तो साहिल और मोनू डंडे लेकर उसके घर में घुस आए और उन्होंने उस पर लाठी डंडों से हमला कर घायल दिया। दीपक ने बताया कि उसके द्वारा शोर मचाए जाने पर जब उसके परिजन वहां आए तो आरोपी उसे जान से मारने धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। दीपक ने बताया कि इस दौरान उन्होंने बीच-बचाव करने आई मेरी दादी सुरसती देवी को भी डंडे मारकर घायल कर दिया।

# पेंशनर्स समाज ने प्रधानमंत्री मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा



**हिसार।** नायब तहसीलदार सुनिधि को ज्ञापन देते हरियाणा स्टेट पेंशनर्ज समाज के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा स्टेट पेंशनर्ज समाज ने अपनी मांगों को लेकर जिला उपायुक्त के प्रतिनिधि के तौर पर मिले नायब तहसीलदार सुनिधि को प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन दिया। ज्ञापन में आठवें वेतन आयोग में पेंशन भोगियों को मिलने वाले लाभों से वंचित करने पर पेंशनर्ज समाज में भारी रोष पनपा हुआ है। हरियाणा भर के पेंशनरों ने अपना रोष जाहिर करते हुए अपनी मांगों को पूरा करने का अनुरोध किया है। नायब तहसीलदार को ज्ञापन देने वालों में भरत सिंह पूनिया राज्य सलाहकार, राजेन्द्र सिंह नैन राज्य उपाध्यक्ष, आर्य संजय सहारण राज्य महासचिव, रोहताश छाछिया जिला प्रधान, गुलाब सिंह, सतबीर सिंह सिवाच, दिलबाग सिंह खर्ब, रतिराम चौहान, राजकुमार मुआल, जसवन्त सिंह, रणधीर सिंह बल्हारा, इन्द्र सिंह, रामप्रताप, श्यामलाल राम प्रताप शर्मा, पूर्णमल बिश्नोई, रामकुमार दुहन, रघुबीर सिंह गिल आदि उपस्थित रहे।

- आठवें वेतन आयोग में पेंशन भोगियों को मिलने वाले लाभों से वंचित करने पर भारी रोष

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में गैर हाजिर रहने वाले कर्मियों पर होगी कार्रवाई

- एसडीएम ने अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

शनिवार को मनाए गए उपमंडल स्तरीय अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए एसडीएम राजेश खोथ ने बताया कि उन सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं, जो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे थे।

खोथ ने बताया कि योग दिवस कार्यक्रम में लगभग सभी विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को शामिल होने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद भी कुछ अधिकारी तथा कर्मचारी योग दिवस कार्यक्रम में अनुपस्थित रहे। इन अधिकारियों तथा कर्मचारी को नोटिस जारी कर अनुपस्थित रहने का कारण पूछा जाएगा। जिन कर्मियों का जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाएगा उनके खिलाफ नियम अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



**हांसी।** समाधान शिविर में जन शिकायतों को सुनते एसडीएम राजेश खोथ।

#### समस्याएं सुनीं, अधिकारियों को समाधान करने के निर्देश

एसडीएम राजेश खोथ ने संयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए जन समस्याओं को सुना। उन्होंने प्रस्तुत हर शिकायत तथा समस्या को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने शहर निवासी मोनिका द्वारा प्रस्तुत समस्या को सुन नगर परिषद के अधिकारियों को किला के निकट स्थित मोहल्ले में साफ सफाई करवाने के निर्देश दिए। मेहंदा गांव निवासी सुनील ने मनरेगा योजना के तहत जॉब कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया। इस पर एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को पात्रता संबंधित कागजात चेक कर जॉब कार्ड बनाने के निर्देश दिए। कुम्भा गांव निवासी जय भगवान तथा रमेश ने पिछले समाधान शिविर में गली में बड़ा ट्रांसफार्मर लगवाने तथा बिजली की तार बदलवाने को लेकर अपनी समस्या प्रस्तुत की थी। इन दोनों समस्याओं का समाधान होने पर ग्रामीणों ने एसडीएम को संतुष्टि प्रमाण पत्र सौंपा।

### पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने जारी किए आदेश

# निजी सुरक्षा गार्ड वायुसेना, नौसेना सेना या पुलिस जैसी वर्दी न पहनें

- एसपी ने कहा- खाकी वर्दी या सशस्त्र बलों जैसी पोशाक पहनने से आमजन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है
- ऐसे मामलों में संबंधित संस्थानों और सुरक्षा एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी

#### ये हैं कानूनी प्रावधान



एसपी, शशांक कुमार सावन

*पासरा अधिनियम, 2005 की धारा 21 के अनुसार: उल्लंघन करने पर एक वर्ष तक का कारावास, पांच रुपये तक का जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। यही नहीं, हरियाणा पुलिस अधिनियम की धारा 75 के अनुसार यदि कोई व्यक्ति पुलिस सेवा का सदस्य न होते हुए बिना अनुमति पुलिस वर्दी या उससे मिलती-जुलती वर्दी पहनता है, तो दोषसिद्धि पर छह माह तक का कारावास, जुर्माना, या दोनों की सजा दी जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि सभी निजी सुरक्षा एजेंसियां नियमों का पालन करें, अन्यथा उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने निर्देश जारी किए हैं कि जिले में कार्यरत निजी सुरक्षा गार्ड या पर्यवेक्षक किसी भी स्थिति में सेना, वायुसेना, नौसेना, पुलिस अथवा अन्य सशस्त्र बलों से मिलती-जुलती वर्दी ना पहनें। यह निर्देश व्यापारिक प्रतिष्ठानों, निर्माण स्थलों, होटलों, शॉपिंग मॉल, बैंकों, विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में तैनात निजी सुरक्षा कर्मियों के लिए जारी किया गया है।

पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने जिले के सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि यदि कोई निजी सुरक्षा गार्ड सेना या पुलिस जैसी वर्दी पहने हुए पाया जाए, तो उसके विरुद्ध निजी सुरक्षा एजेंसियों (विनियमन) अधिनियम, 2005 (पासरा अधिनियम) की धारा 21 और हरियाणा पुलिस अधिनियम की धारा 75 के तहत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि खाकी वर्दी या सशस्त्र बलों जैसी पोशाक पहनने से आमजन में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है और यह छद्मवेश की श्रेणी में आता है, जो कानूनन दंडनीय अपराध है।उन्होंने कहा कि कई निजी संस्थान नियमों की अवहेलना कर अपने सुरक्षा गार्डों को पुलिस या सेना जैसी वर्दी पहनाकर तैनात करते हैं, जबकि उनमें से कई गार्ड इस कार्य के लिए योग्य भी नहीं होते। ऐसे मामलों में संबंधित संस्थानों और सुरक्षा एजेंसियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### जिले में 28 जून तक विशेष टीकाकरण सप्ताह चलेगा

**हिसार।** जनस्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिले में विशेष टीकाकरण सप्ताह का आयोजन 28 जून तक किया जा रहा है। यह अभियान सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत के मार्गदर्शन में संचालित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य जिले के ऐसे सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित करना है, जो किसी कारणवश अब तक टीके से वंचित रह गए हैं। यह अभियान विशेष रूप से ड्रॉपआउट (जिन्होंने टीकाकरण शुरू तो किया पर अधूरा छोड़ दिया) और लेफ्टआउट (जो टीकाकरण से बिल्कुल छूट गए) लाभार्थियों पर केंद्रित है। टीकाकरण के माध्यम से बच्चों और महिलाओं को खसरा-रूबेला, पोलियो, डिप्थीरिया, टिटनस, हेपेटाइटिस-बी, रोटा वायरस जैसी घातक बीमारियों से सुरक्षा प्रदान की जाएगी।

- सभी बच्चों और गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया जाएगा

# एफसी कॉलेज की सुनीता को बेस्ट काउंसलर का पुरस्कार



**हिसार।** मनाली कैंप के प्रतिभागी प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत के साथ।

- रेड क्रॉस टीम ने राज्य स्तरीय एडवेंचर कैंप में भाग लिया था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा शाखा चंडीगढ़ के सौजन्य से फतेहचंद महिला महाविद्यालय की रेड क्रॉस टीम ने राज्य स्तरीय एडवेंचर कैंप में भाग लिया। यह शिविर मनाली में लगाया गया। इस विशेष शिविर में कॉलेज प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत के नेतृत्व में रेड क्रॉस सोसाइटी की तरफ से सुनीता, सरोज, रेणुका, टीशा और कोमल ने भाग लिया। कैंप में छात्राओं ने रॉक क्लाइंबिंग, ट्रेक्किंग, जिप लाइनिंग और रिवर क्रॉसिंग आदि गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सुनीता को बेस्ट काउंसलर का पुरस्कार मिला। प्राचार्या डॉक्टर अनीता सहरावत और रेड क्रॉस सोसाइटी की प्रभारी डॉ. कैलाश ने सभी प्रतिभागियों का महाविद्यालय पहुंचने पर स्वागत किया।



# तब आप बन जाएंगी स्मार्ट वर्किंग वूमेन

बहुत सी वर्किंग वूमेन को खुद से यह शिकायत रहती है कि पूरी मेहनत से काम करने के बाद भी उनको न अच्छा रिजल्ट मिलता है और न ही उनके पास टाइम बचता है। वास्तव में इसकी वजह वर्किंग स्टाइल का मिसमैनेजमेंट होता है। अगर कुछ बातों को अमल में लाएं तो आप स्मार्ट वर्किंग वूमेन बन सकती हैं।

कवर स्टोरी

शिखर चंद जैन

रागिनी इस बात से परेशान रहती है कि उसे अपने बिजी रूटीन में पल भर भी चैन से गुजारने की फुर्सत नहीं मिल पाती। इसके बावजूद वह घरेलू कामों में अपनी मां की मदद भी नहीं कर पाती है। उधर वर्कप्लेस पर सुबह से शाम तक लगातार काम में जुटे रहने के बाद भी उसका कोई न कोई ऑफिसियल वर्क पेंडिंग रह ही जाता है। हमेशा काम में उलझी रहने की वजह से वह अपने पर्सनल जरूरी काम भी लगातार टालती रहती है। इस बारे में एक बार जब उसने अपनी मां से डिस्कशन किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, 'बेटी तू व्यस्त कम, अस्त-व्यस्त ज्यादा रहती है।' अपनी मां की बात सुनकर रागिनी गंभीरता से अपने वर्किंग स्टाइल पर सोचने लगी कि आखिर उससे मिस्टेक कहां होती है? रागिनी की तरह ही कई वर्किंग वूमेन के साथ ऐसा होता है कि वे हमेशा काम में बिजी रहती हैं। ना इन्हें खाने-पीने की सुध होती है, ना मनोरंजन के लिए वक्त मिलता है। इन्हें ठीक से नींद भी नहीं आती और फ्रेंड सर्कल के साथ भी टाइम नहीं बिता पाती हैं। इसके बावजूद इनकी मेहनत का मनचाहा या बहुत बढ़िया रिजल्ट भी नहीं मिलता है। बल्कि पेंडिंग या सही तरीके से न किए गए वर्क की वजह से अकसर बॉस से डांट पड़ती है। ऐसे लोगों को समझना चाहिए कि ओवर बिजी होने और स्मार्ट वर्किंग पर्सन होने में फर्क होता है। गैरजरूरी व्यस्तता से बचने और हर काम को स्मार्टली करने के लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा।

### हर पल है कीमती

स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनने के लिए अपने समय के हर पल का हिसाब रखना जरूरी है। आप अपना समय किन कामों में लगा रही हैं, आपको पता होना चाहिए। टाइम ट्रैकिंग ही बताएगी कि आप अपने टाइम को बर्बाद कर रही हैं या इसका सही यूज कर रही हैं। इसके लिए प्रियॉरिटी के आधार पर निश्चित समय पर जरूरी काम करने की आदत डालें। आलस्य और टालमटोल की आदत से दूर रहें। 'टाइम मैनेजमेंट' किताब में लिखा है कि आपको कर्मठता के साथ काम करने में समय का निवेश सही तरीके से करना चाहिए ताकि इसका बेहतर रिटर्न हासिल हो सके।

### अनावश्यक बातें ना करें

**हर काम** का एक वक्त होता है। जब आप किसी जरूरी ऑफिसियल प्रोजेक्ट पर काम कर रही हों तो उस दौरान कुलीग्स से बातचीत करने में समय नष्ट न करें। गॉसिप, हंसी-



मजाक आदि तभी करें, जब आपके पास स्पेयर टाइम हो। आप पब्लिक ट्रांसपोर्ट या पूल कार से ट्रैवलिंग के दौरान या फिर ऑफिस आवर्स खत्म होने के बाद ही पर्सनल बातें या गॉसिपिंग कर सकती हैं।



### एंज्वॉय करें वर्क

काम ऑफिस का हो या पर्सनल, जब आप बोझिल मन से उसे करती हैं तो एकाग्रता की कमी के कारण आपको उसे करने में ज्यादा समय लगता है। आधे-अधूरे मन से काम करने से गलती होने की आशंका रहती है। इसलिए गलती सुधारने के लिए एक ही काम को दो या तीन बार भी करना पड़ जाता है। वहीं अगर काम को एंज्वॉय करते हुए करेंगी तो काम ईजी लगेगा, सही होगा और कुछ जल्दी भी हो जाएगा। हॉर्वर्ड बिजनेस रिव्यू सजेस्ट करता है कि इसके लिए काम के पुराने तरीकों में थोड़े-थोड़े बदलाव करती रहें। कोई काम चुनौतीपूर्ण लगे तो उसे कागज पर लिख लें, चुनौतियों को नोट कर लें और एक-एक कर उन्हें दूर करती चलें। इसमें आपको मजा आने लगेगा और कॉन्फिडेंस भी बढ़ता जाएगा।

### रिलैक्स करें माइंड

जहां तक संभव हो दिन की शुरुआत और अंत हल्का और रिलैक्स्ड करना चाहिए। बेहतर परफॉर्मेंस के लिए अपने मन को सुकून देना बहुत जरूरी होता है। इस समय का इस्तेमाल काम करने के लिए नहीं बल्कि यह प्लान करने के लिए करें कि आपको अपना आज या कल का दिन किन कामों में इस्तेमाल करना है और कौन-सा काम कब करेंगे? इस दौरान आपको कई क्रिएटिव आइडियाज भी आएंगे, जो आपको प्रोडक्टिव बनाएंगे। अगर आप संगीत सुनना पसंद करती हैं तो रिलैक्स होने के लिए फेवरेट म्यूजिक या सॉन्ग सुन सकती हैं।

### मेंटल ट्रैप से बचें

अगर अपने ऑफिस वर्क के दौरान बिल्कुल समय ही नहीं बचता तो गौर करें कि उस दौरान कहीं आप यूजलेस वर्क करने, दूसरों को सपोर्ट देने में या गॉसिपिंग में तो टाइम वेस्ट नहीं करती हैं? 'ऑफ द क्लॉक' पुस्तक की लेखिका लॉरा वेंडरकैम इसे मेंटल ट्रैप कहती हैं। वह सलाह देती हैं, 'आपका समय ऐसी चीजों या काम में लगना चाहिए, जो आपको आर्थिक, सामाजिक, मानसिक और पारिवारिक लाभ दे और आपको रचनात्मक रूप से संतुष्ट भी रखे।'

कहने का सार है कि स्मार्ट वर्किंग वूमेन बनना बहुत टफ नहीं है। इसके लिए केवल आपको अपने वर्क को स्मार्टली मैनेज करना आना चाहिए। ❁

# संयम और समझदारी से करें अपमानजनक स्थितियों का सामना

घर-परिवार, रिश्तेदारी, आस-पड़ोस या कार्यस्थल पर कई बार कोई व्यक्ति हमें अपमानित कर देता है, मन को ठेस पहुंचाने वाले शब्द बोल देता है। ऐसे में तुरंत प्रतिक्रिया करने या जैसे को तैसा जवाब देने के बजाय संयम और समझदारी से काम लेना चाहिए। ऐसा आप कैसे कर सकती हैं, यहां बता रहे हैं।

सेल्फ मोटिवेशन

मोनिका शर्मा



अब पछताए होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत। यह कहावत जानने भर की नहीं मानने-समझने योग्य भी है। विशेषकर ऐसी स्थिति में, जब आपके मान को ठेस पहुंची हो। किसी ने दिल दुखाया हो। जान-बूझकर कमतर आंकने का खेल खेला हो। दरअसल, अपमानित होने की स्थिति में इंसान कुछ भी कर गुजरता है। आपराधिक घटनाओं से लेकर अभद्र व्यवहार तक कर जाने के ऐसे मामले आए दिन सुर्खियां बनते हैं। अधिकतर घटनाओं में बात केवल शांत मन से ठहर कर सोचने भर की होती है। असल में मन को ठेस पहुंचने की स्थिति में सोचने-समझने की सुध-बुध ही खो जाती है। मन को दुखाते ऐसे अवसरों पर जरा ठहरने में ही समझदारी है।

**अपनी मनःस्थिति को समझिए:** अपमानजनक परिस्थितियों में सबसे पहले तो अपनी मनःस्थिति को समझना और संभालना जरूरी होता है। भावनात्मक रूप से उन शब्दों से मत जुड़िए, जो आपका मन दुखाने के इरादे से ही कहे गए हैं। इरादतन मन को चोट पहुंचाने के लिए किए गए व्यवहार को दिल से मत लगाइए। अपने मन-मस्तिष्क को यह समझाना जरूरी है कि कोई भी दुर्भाव भरी बात आपके पूरे व्यक्तित्व पर प्रश्न खड़ा नहीं कर सकती। आपकी वैचारिक समझ को सवालों के घेरे में नहीं ला सकती है। ऐसे में आपको लेकर की गई नकारात्मक टिप्पणी या असभ्य बात को एक शब्द या वाक्य भर मानें। यह स्वीकार्यता स्वयं अपनी मनःस्थिति को समझे बिना संभव नहीं। ध्यान रहे कि अपने मन को समझ कर ही ऐसी उलझन भरी स्थिति में अपने आप को ऐसी समझाइश दी जा सकती है। यह समझाइश ही तनाव और आहत मन से खुद को निकालने में मददगार हो सकती है।



**दूसरे पक्ष को भी समझिए:** कई बार आपको भला-बुरा या अपमानजनक शब्द कह डालने वाला इंसान खुद ही उलझाऊ मनोभावों से घिरा होता है। किसी ना किसी तरह की पीड़ा या परेशानी उसे भी घेरे होती है। ऐसे लोग बाद में पछताते हैं। अपने बर्ताव के लिए बाद में माफी भी मांगते हैं पर अपमानित किए जाने की पीड़ा व्यक्ति के मन में घर बना चुकी होती है। इसके चलते सामने वाले इंसान को समझे बिना उसे और बड़ी चोट पहुंचाने का रास्ता चुन लिया जाता है। लाजिमी भी है क्योंकि कभी-कभी दूसरे लोगों का बर्ताव और शब्द इंसान के मन में बहुत परेशान करने वाली भावनाएं पैदा कर देते हैं। ऐसे में यह सोच पाना संभव नहीं कि अगले इंसान का दिलो-दिमाग भी दुख-तकलीफ या किसी तरह के असहनीय तनाव के हालात का शिकार हो सकता है। इसीलिए दूसरे इंसान के पक्ष को जानना-समझना भी आवश्यक है। ऐसे में अगर आप स्वयं को समझा पाने में असफल महसूस करें तो किसी आत्मीय मित्र से सारी बात साझा करें। वह आपके मनोव्यक्तित्व को जानकर स्थितियों को समझने में आपकी मदद करेगा। इससे आपको अपने भीतर के द्वंद्व से बाहर निकलने में मदद मिलेगी।

**ठहराव को चुनिए:** यह सच है कि अपमानजनक स्थिति का सामना करते समय खुद को संयत रखना मुश्किल होता है। मन में आक्रोश उमड़ने लगता है पर स्थिति को बहुत बिगड़ने से रोकने के लिए, थोड़ा ठहर जाना चाहिए। कभी-कभी ऐसी स्थिति में बहस या जवाब-तलब करने के बजाय चुप रह जाना ही अच्छा होता है। संभव हो तो ऐसी स्थिति को हंसकर टालने की राह ही चुनें। इस बर्ताव से होने वाले नुकसान को समझें। पल भर के आक्रोश के खामियाजे समझने का भाव ठहराव की ओर ले जाता है। जिंदगी में शांति और सुकून के लिए यह जरूरी है। ❁



अब वो जमाने लद गए, जब बहू के आते ही घर में क्लेश शुरू हो जाता था। आज की बहू पारंपरिक सोच से उबरकर नई सोच और ऊर्जा लेकर नए घर में आती है, जिसमें हर रिश्ते के लिए होता है भरपूर प्रेम, स्नेह और सम्मान।

# नई सोच-ऊर्जा लेकर आती है आज की बहू

रिश्ते

यशोधरा भटनागर

पार्क में शीला जी को देख एकाएक मैं चौंक गई। नए फैशन का सलवार-सूट और पैरों में महंगे स्कैचर्स। उन्हें देखकर अच्छा भी लगा और थोड़ी कुढ़न भी हुई। 'क्या बात है बहुत खुश और बदली-बदली लग रही हो?' मेरे पूछने पर वे मुस्कुराईं और धीरे से बोलीं, 'नई बहू जो आ गई है।'

'अच्छा तो यह बात है। घर-बार उस बेचारी को सौंप तुम मजे कर रही हो।' आखिरकार मैंने अपने मन की बात को बाहर निकाल ही दिया। इस पर वह तुरंत बोल पड़ीं, 'नहीं! नहीं! प्रिया ने मुझे सिखाया कि मेरी अपनी भी जिंदगी है। सबके लिए अपना ख्याल रखना भी जरूरी है। मुझे लैपटॉप, मोबाइल फोन और बहुत कुछ उसने सिखा दिया है। बहू नहीं मेरी सहेली है। चलती हूं, प्रिया ऑफिस से लौटने वाली होगी। आज हमारा शॉपिंग के लिए जाने का प्लान है।' घड़ी की ओर देखती शीला जी अपने घर की ओर चल दीं। मैं उन्हें जाते देखते सोचती रह गई।

इसमें कोई दो राय नहीं कि जब किसी की बेटी घर में बहू बनकर जाती है, तो वह एक साथ कई भूमिकाएं लेकर आती है। बहू केवल एक रिश्ता नहीं, बल्कि वह पूरे घर को प्रेम, ऊर्जा और उम्मीद से भर देती है।

### ससुर को देती है पिता जैसा स्नेह

केवल सास ही नहीं, ससुर की देखभाल में भी आज की बहुएं कोई



कसर नहीं छोड़ती हैं। उन्हें टाइम पर दवाइयां देना, उन्हें डॉक्टर के पास ले जाना, पार्क में टहलने ले जाना, उनके संग डिस्कशन करना, उनकी मनपसंद डिशेज बनाकर खिलाना, उनके बैंक के काम ऑनलाइन करवाने में मदद करना जैसे कई काम वे खूब उत्साह से करती हैं। ससुर को लगता है जैसे बहु के रूप में उन्हें एक और बेटी मिल गई है।

**समझती-निभाती है अपनी जिम्मेदारियां:** समय के साथ हर रिश्ते में स्त्रियों ने अपनी भूमिका को समझा है और उससे जुड़ी जिम्मेदारियों को निभाती भी हैं। आज के दौर में बहू के रूप में आने वाली बेटियां, उच्च शिक्षा प्राप्त होती हैं, आत्मनिर्भर होती हैं और तकनीकी रूप से सक्षम भी होती हैं। वे जानती हैं कि उन्हें सिर्फ रोटियां ही नहीं बेलनी, रिश्तों को भी संजोना है, संवारना है। वे घर की चहारदीवारी में सीमित नहीं रहती हैं, बल्कि घर से बाहर की जिम्मेदारियां भी उतनी ही सजगता से निभा रही हैं।

**सास की बन जाती है सखी:** आज की बहू सास के खिलाफ साजिश या उनसे बहस नहीं बल्कि दोस्ती करती है। वह सास को व्हाट्सएप ऑपरेट करना सिखाती है, फेसबुक पर अकाउंट बनवाती है, उन्हें टेक्नोस्मार्ट बनाती है।

**हर परिस्थिति में रहती है सहज:** नए दौर की बहू बहुत समझदारी से हर कंडीशन को हैंडल करना जानती है। समस्या की घड़ी हो या कोई आकस्मिक परिस्थिति, वह घबराती नहीं है। धैर्य के साथ सहज होकर वह उचित निर्णय लेती है। घर के हर फैसले में अपनी भागीदारी निभाती है, और जरूरत पड़ने पर पूरे परिवार को संभालती है।

**यही होती है उसकी अपेक्षा:** अगर हम बहू को सम्मान, स्वतंत्रता और स्नेह देंगे, तो वह और भी तन्मयता से घर को संजोने में खुद को अर्पित कर देगी। वह बस इतना चाहती है कि उसे समझा जाए, सराहा जाए और स्वीकार किया जाए। ❁

# तब आप दिखेंगी स्टाइलिश-अट्रैक्टिव

फैशन ट्रेंड

ललिता गोयल

जब मौसम बदलता है तो न केवल ड्रेसअप, फैशन ट्रेंड भी बदल जाता है। हालांकि कई जगहों पर बारिश शुरू हो चुकी है लेकिन उमस भरी गर्मी अभी भी बनी हुई है। ऐसे में हर महिला कुछ ऐसा पहनना चाहती है, जो हल्का और सुकून देने वाला तो हो ही, साथ ही कूल और स्टाइलिश लुक भी दे।

**फैशन के साथ कंफर्ट भी:** उमस वाली गर्मी में फैशन और कंफर्ट का सही बैलेंस बनाए रखने के लिए लाइट, ब्रीदेबल और ट्रेंडी फैब्रिक वाली ड्रेस पहननी चाहिए। इससे आपका लुक कूल और क्लासी भी लगेगा। गर्मी में कॉटन के अलावा रेयॉन, सिल्क, ऑर्गेंजा सिल्क, जॉर्जेट, शिफॉन, लिनेन जैसे फैब्रिक को आप अपनी वार्डरोब में जगह दे सकती हैं। इन फैब्रिक की साड़ियों से लेकर



सूट और वेस्टर्न अटायर तक बेहतरीन लगते हैं। गर्मी में फ्लावरी प्रिंट की लंबी ड्रेस, वन शोल्डर मिडी ड्रेस, रफल ड्रेस, स्ट्रेपी मैक्सी ड्रेस विद लिनेन जैकेट शॉर्ट्स और टॉप या जंपसूट भी बहुत अच्छे लगते हैं। स्लीवलेस कॉटन मिडी इस सीजन में कूल-क्लासी लुक देते हैं। अगर आप अपने समर लुक में फ्रेशनेस और एलिगेंस चाहती हैं, तो ब्लू और व्हाइट फ्लोरल प्रिंट वन पीस परफेक्ट चॉइस हो सकती है। यह आपको कूल और फ्रेश लुक देगी।

**आउटफिट कलर:** मौसम के हिसाब से फैब्रिक का सही कलर चुनना जरूरी होता है। गर्मी में आपको न्यूट्रल कलर की ड्रेस पहननी चाहिए। वैसे तो व्हाइट कलर इस सीजन के लिए बेस्ट कलर माना जाता है। इसके अलावा आप लाइट ग्रीन, यलो, बेबी पिंक, स्काई ब्लू, टरक्वायज ब्लू, बेज या ग्रे कलर भी चुन सकती हैं।



**स्टाइलिश सनग्लासेस-हैट्स:** इस सीजन में घर से बाहर निकलते समय स्टाइलिश सनग्लासेस और हैट पहनने से न सिर्फ धूप से बचाव होता है, बल्कि ये आपको स्टाइलिश भी दिखाते हैं। ये दोनों ही चीजें आपके ओवरऑल लुक में एक्स्ट्रा स्टाइल एड करती हैं।

**एसेसरीज-मेकअप हो सुटेबल:** उमस भरी गर्मी के दिनों में लाइट वेट ज्वेलरी कैरी करनी चाहिए। यह कंफर्टेबल होने के साथ-साथ आपको एलिगेंट लुक देती है। गर्मी में पेस्टल कलर की ज्वेलरी जैसे सॉफ्ट पिंक, कोरल, सिल्वर ज्वेलरी, कलरफुल बीड्स की फंकी ज्वेलरी स्टाइलिश और कूल लुक देती है। इसके अलावा एसेसरीज में स्टड ईयररिंग्स, पर्ल ड्रॉप ईयररिंग, कोरल ब्रेसलेट, फूल-पत्तियों के पैटर्न वाले नेकपीस शामिल कर सकती हैं। इस सीजन में लाइट मेकअप ही करें। ❁

**(फैशन डिजाइनर मीनाक्षी खंडेलवाल से बातचीत पर आधारित)**

प्रेग्नेंसी के दौरान कई महिलाओं को हाई ब्लड प्रेशर होता है। लेकिन जब यह कंट्रोल से बाहर होने लगे और साथ में अन्य समस्याएं भी होने लगें तो लापरवाही न करें। ऐसे में क्या करें, डिटेल में बता रहे हैं।

# अगर प्रेग्नेंसी के दौरान होने लगे हाई ब्लड प्रेशर

मेडिकल सजेशन

डॉ. नीता सिंह
सीनियर प्रोफेसर-गायनेकोलॉजी
एम्स, नई दिल्ली

प्रेग्नेंसी में आमतौर पर 20वें से लेकर 24वें सप्ताह से गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर बढ़ना शुरू हो जाता है, जिसे जेस्टेशनल हाइपरटेंशन या प्रेग्नेंसी इंड्यूस हाइपरटेंशन कहा जाता है। यानी, महिला को गर्भावस्था से पहले ब्लड प्रेशर की शिकायत नहीं होती, लेकिन गर्भावस्था के 20वें सप्ताह के बाद उसे हाई ब्लड प्रेशर हो जाता है। इसकी वैल्यू 140/90 मिमी एचजी को पार कर सकती है। डॉक्टर इसकी रीडिंग कम से कम 6 घंटे के अंतराल पर दिन में दो बार करते हैं। हाई ब्लड प्रेशर होने पर यूटरस में प्लेसेंटा के माध्यम से बच्चे में जाने वाला ब्लड सप्लाई पूरी तरह से नहीं हो पाती। इसकी वजह से बच्चे में ऑक्सीजन और पौष्टिक तत्वों की आपूर्ति कम मात्रा में होती है। इस वजह से बच्चे के जन्म के समय लो बर्थ रेट, बच्चे का विकास समुचित नहीं होता, बच्चा कमजोर पैदा हो सकता है।

**क्या है प्री-एक्लेंपसिया:** जब गर्भवती महिला का ब्लड प्रेशर कंट्रोल नहीं हो पाता है, तो उसके विभिन्न अंग प्रभावित हो सकते हैं। उनमें सबसे महत्वपूर्ण है, किडनी खराब होना जिससे यूरिन में प्रोटीन और यूरिया आने की समस्या शुरू हो जाती है। इस स्थिति को प्री-एक्लेंपसिया कहा जाता है। 24 घंटे में महिला के शरीर से यूरिन में 2 ग्राम से अधिक प्रोटीन निकलने लगता है। प्री-एक्लेंपसिया में मां के यूटरस से प्लेसेंटा अलग हो सकता है, प्लेसेंटल एब्रप्शन, यूटेरस में ब्लीडिंग या फिर प्री-टर्म डिलीवरी हो सकती है।



**तब कंडीशन हो जाती है सीरियस:** प्री-एक्लेंपसिया के लक्षण पहचाने न जाने और उचित उपचार न हो पाने पर एक्लेंपसिया की स्थिति आ सकती है। इसमें गर्भवती महिला को दौरे या फिट्स आने लगते हैं, जिसे एक्लेंपिक फिट कहा जाता है। ये दौरे काफी गंभीर होते हैं, जिसमें उसे मिर्गी के दौरे के समान बहुत जोर-जोर से झटके आने लगते हैं। झटकों के साथ महिला के शरीर में बदलाव होने से गर्भ में पल रहे बच्चे में ब्लड सप्लाई बंद हो सकती है। कई महिलाएं झटकों को संभाल नहीं पातीं, गिर जाती हैं। ऐसे में बहुत तेज झटकों के कारण महिला-बच्चे दोनों की मौत हो सकती है। ब्लड प्रेशर और फिट्स कंट्रोल करने के लिए समुचित मेडिसिन देकर उनका उपचार संभव हो जाता है।

**प्रमुख लक्षण:** प्रेग्नेंसी के दौरान अगर महिला यहां बताए जा रहे लक्षण महसूस करती है तो बिना देर किए डॉक्टर से कंसल्ट करना चाहिए। जैसे- बीपी बढ़ना, 10-15 दिन में 2-3 किलो वजन बढ़ना, हाथ-पैरों या शरीर के किसी भी अंग में सूजन आना, चक्कर आना, जी घबराना, उल्टी आना, आंखों से धुंधला दिखना, सिर दर्द होना।

**क्या है उपचार:** एक्लेंपसिया के उपचार की प्रक्रिया में ब्लड प्रेशर को एंटी-हाइपरटेंसिव मेडिसिन पेशेंट को देकर तुरंत कंट्रोल करना पड़ता है। एक्लेंपसिया के लिए मरीज को इंजेक्शन के माध्यम से भी दवा देते हैं। इसमें समय पर ट्रीटमेंट जरूरी है। ❁

### इन्हें होता है ज्यादा रिस्क

- जिस महिला की पहली प्रेग्नेंसी हो।
- मां की आयु 20 साल से कम या 35 साल से अधिक हो।
- गर्भ में पल रहे बच्चे जुड़वां हों।
- प्रेग्नेंसी आइवीएफ से हो।
- मां अगर स्मोकिंग या दूसरे ड्रग्स लेती हो।
- गर्भावस्था के पहले से ही ब्लड प्रेशर, डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियां हों, मोटापा हो, पहली प्रेग्नेंसी में हाई ब्लड प्रेशर रहा हो या इसकी फैमिली हिस्ट्री हो।

प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा

## खबर संक्षेप

### आप आज मनाएगी जश्न : राजेन्द्र सोरखी

**हिसार।** आम आदमी पार्टी के जिला प्रधान राजेन्द्र सोरखी ने भाजपा के गढ़ गुजरात में व पंजाब उपचुनाव में आम आदमी पार्टी की जीत पर पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि आम आदमी पार्टी का ग्राफ दिनोंदिन बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि जीत की खुशी में कार्यकर्ता 24 जून को सुबह पर क्रांतिमान पार्क में एकत्रित होंगे तथा बाद में फव्वारा चौक पर विजय जुलूस निकाला जाएगा तथा जीत का जश्न मनाया जाएगा।

### बिजली दरों में वृद्धि जनविरोधी निर्णय

**हिसार।** जननायक जनता पार्टी हिसार हलका अध्यक्ष विपिन गोयल ने प्रदेश सरकार द्वारा की गई बिजली दरों में भारी बढ़ोतरी को लेकर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पूरी तरह जनविरोधी है। पार्टी की मांग है कि सरकार तुरंत इस बढ़ोतरी को वापस ले और लोगों को राहत दे।

### जिले में 12 जुलाई को लगेगी लोक अदालत

**हिसार।** राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को हिसार एवं हांसी न्यायिक परिसर में किया जाएगा।

### ढाणी सांकरी में रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**हांसी।** शहीद राजबीर सिंह के 25वे शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर उनके पैतृक गांव ढाणी सांकरी में बुधवार 25 जून को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। रक्तदान शिविर में एसडीम राजेश खोथ बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे। शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एसडीएम राजेश खोथ रक्तदान शिविर का शुभारंभ सुबह 8 बजे करेंगे, जो दोपहर 12 तक चलेगा।

### मिलगेट के युवक से 3.62 लाख रुपये ठगे

**हिसार।** साइबर सेल थाना पुलिस ने लाखों की ठगी के मामले में अज्ञात पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में मिलगेट एरिया के देवेंद्र ने बताया कि साइबर ठगों ने उसे अपने झांसे में लेकर 3,62,650 रुपये की धोखाधड़ी की है।

### दुकान से मोबाइल चोरी मामले में दो काबू

**आदमपुर।** पुलिस ने बोगा मंडी स्थित हैंडलूम की दुकान से मोबाइल फोन चोरी में मामले में दो आरोपियों गांव सदलपुर निवासी मेनपाल तथा स्वींद्र उर्फ नाथ को काबू किया है। बता दें कि हैंडलूम संचालक महलासर निवासी रवींद्र कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में उक्त आरोपियों पर चद्दर देखने के बहाने मोबाइल फोन चोरी करने का केस दर्ज किया था।

### गोदाम से गेहूं चोरी का आरोपी गिरफ्तार

हिसार। पुलिस ने चौथा मिल स्थित गोदाम से गेहूं चोरी करने के मामले में ढंढूर निवासी आरोपी रिंकू को गिरफ्तार किया है। सहायक उप निरीक्षक सूरजमल ने बताया कि अग्रवाल कॉलोनी निवासी शुभम बंसल ने 13 जून को उसके चौथा मिल स्थित गोदाम से गेहूं चोरी होने के बारे में शिकायत दी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में अब आरोपी रिंकू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

---

देशभर से आए खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, विजेताओं को किया सम्मानित

# फर्स्ट ओपन नेशनल पीएमएफओ ग्रेपलिंग लीग में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

फर्स्ट ओपन नेशनल पीएमएफओ ग्रेपलिंग लीग का समापन समारोह अग्रसेन भवन में हुआ

- महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाय, अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत कर हौसला बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पीएमएफओ की ओर आयोजित फर्स्ट ओपन नेशनल पीएमएफओ ग्रेपलिंग लीग का समापन समारोह अग्रसेन भवन में हुआ। इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर से आए महिला और पुरुष खिलाड़ियों ने विभिन्न भार वर्गों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। भारत में पहली बार ग्रेपलिंग खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

**रोमांचक मुकाबले और उत्साहपूर्ण माहौल**

प्रतियोगिता में पूरे भारत से खिलाड़ियों, कोचों, अभिभावकों और दर्शकों की भारी भीड़ रही। भारतीय ग्रेपलिंग कमेटी के चेयरमैन दिनेश कपूर, महासचिव बिरजू शर्मा, ट्रेजरर विनोद शर्मा और विजय सागवान की उपस्थिति में आयोजन को भव्यता मिली। कई गणमान्य अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया।

पीएमएफओ के चेयरमैन और आयोजक रण सिंह पंवार ने कहा कि यह भारत में ग्रेपलिंग के लिए पहली ऐसी लीग है, जहां खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार दिए गए। हमारा लक्ष्य इस खेल को बढ़ावा देना और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है।




हिसार। प्रतियोगिता में दमखम दिखाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

**यह रहे परिणाम**

महिला वर्ग के 45 किलोग्राम में प्रथम महंत, द्वितीय अनुराधा व तृतीय भूमि, 50 किलोग्राम में प्रथम योग्यता, द्वितीय सपना व तृतीय प्रिया, 55 किलोग्राम में प्रथम संध्या, द्वितीय कल्पना व तृतीय टीना, 60 किलोग्राम में प्रथम रिया, द्वितीय काजल व तृतीय सरिता, 65 किलोग्राम में प्रथम दीप्ति रानी, द्वितीय रम्मनवीर व तृतीय कृष्णा रही। पुरुष वर्ग के 54 किलोग्राम में प्रथम सूर्यांश राठी, द्वितीय संदीप व तृतीय दक्ष, 58 किलोग्राम में प्रथम अंकुर, द्वितीय अंकित व तृतीय अंकुर, 62 किलोग्राम में प्रथम अंकुश, द्वितीय अरुण व तृतीय मोहित, 66 किलोग्राम में प्रथम मोहित दया, द्वितीय अमन शर्मा व तृतीय गौरव, 71 किलोग्राम में प्रथम मोंटू, द्वितीय वरुण व तृतीय योगेश ने प्राप्त किया।

---



हिसार। जिला ब्राह्मण सभा के प्रधान रतन लाल शर्मा व कार्यकारिणी पदाधिकारियों को सम्मानित करते सूर्य नगर ब्राह्मण सभा के पदाधिकारी।

# जिला ब्राह्मण सभा की नई कार्यकारिणी को किया सम्मानित



हिसार। नवगठित कार्यकारिणी की बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

**हिसार।** सूर्य नगर ब्राह्मण सभा प्रधान रविदत्त शर्मा की अध्यक्षता में जिला हिसार ब्राह्मण सभा की नई कार्यकारिणी व वार्ड 10 की पार्षद साक्षी शर्मा बिजड़ का सम्मान समारोह किया गया। इसमें जिला हिसार के नव निर्वाचित प्रधान रतन लाल शर्मा, उपप्रधान छाजू राम शर्मा, महासचिव राजेंद्र अग्निहोत्री, सह सचिव शिव शंकर, कोषाध्यक्ष कुलभूषण शर्मा और नगर पार्षद के प्रतिनिधि बिजेंद्र शर्मा बिजड़ का स्वगात व सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ उपप्रधान रामकला, उपप्रधान रिषी कौशिक महासिचव सुरेश शर्मा, सहसचिव राजेश शर्मा व पवन शर्मा, संरक्षक डॉ. रामकुमार शर्मा, श्री कृष्ण शर्मा व महाबीर शांडिल्य, सुनीता शर्मा, कुसुम शर्मा, पूजा शर्मा, रमा शर्मा, रेखा, रंजना, सुरेश शर्मा, भूप शर्मा, सुशील शर्मा, मनीष शर्मा, बलजीत शर्मा, राजेंद्र शर्मा, बलवान शर्मा व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

---

# 20 लोगों का आंखों के ऑप्रेशन के लिए किया चयन

- गांव कैमरी में लगाया आंखों का नि:शुल्क जांच शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अणुव्रत समिति की ओर से राष्ट्रव्यापी अणुव्रत वाहिनी अभियान के अंतर्गत समिति अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण के आज्ञानुवर्ती मुनिश्री रणजीत कुमार के पावन आशीर्वाद से गांव कैमरी के श्रीकृष्ण प्रणाली मंदिर में आंखों का विशाल निःशुल्क जांच शिविर लगाया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में गांव की सरपंच दयावंती व सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश उपस्थित रहे व मंच संचालन दर्शन लाल शर्मा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अणुव्रत गीत से हुआ। इस शिविर में गीतांजलि हस्पताल की वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजुला और डॉ. दीपक गुप्ता के मार्गदर्शन में विशाल आंखों का निशुल्क चैकअप शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 120 से अधिक मरीजों के आंखों की जांच की गई और 20 लोगों को आप्रेशन के लिए चुना गया। 32 मरीजों को चश्मे के नंबर दिए गए। शिविर में आंखों की दवा निःशुल्क दी गई। अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने शिविर में आए चिकित्सकों व गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत व धन्यवाद किया।



हिसार। शिविर में आंखों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

---

वक्ताओं ने दोनों पुस्तकों को मानव के लिए उपयोगी बताया

# डॉ. विक्रमजीत की लिखी दो पुस्तकों का विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सर्वोदय भवन में साहित्यकार डॉ. विक्रमजीत द्वारा लिखित दो पुस्तकों क्रमशः अमृत रस व नाम दीक्षा : अमृत भिक्षा (काव्य) का विधिवत विमोचन व लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर चंडीगढ़ से पहुंचे नामी इतिहासकार डॉ. एमएम जुनेजा, केके शारदा, पूर्व प्रिंसीपल आईजे नाहल व डॉ. सत्यपाल शर्मा ने अतिथि के रुप में पुस्तकों का विमोचन किया। अध्यक्षता एडवोकेट पीके संधीर ने की। डॉ. विक्रमजीत की यह 31 वीं व 32 वीं पुस्तक है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद के उपाध्यक्ष डॉ. सत्यपाल शर्मा ने कहा कि पुस्तकों में रुहानी व संत की महिमा का बखान किया गया है। इस दौरान बनीसिंह जांगड़ा, पवन कुमार, सुरेश जैन, धर्मबीर शर्मा, डॉ. महेन्द्र सिंह विवेक, बनवारी लाल, करतार सिवाच, अनिल जौहर, डॉ. पीके कालड़ा, हरीश यादव, धनराज उपस्थित रहे।



हिसार। साहित्यकार डॉ. विक्रमजीत की पुस्तकों का विमोचन करते इतिहासकार डॉ. एमएम जुनेजा, पूर्व प्रिंसीपल आईजे नाहल, डॉ. सत्यपाल शर्मा व अन्य।

---

# डॉ. मुखर्जी का जीवन व संघर्ष सदैव प्रेरणादायक रहेगा: कुलदीप

- कुलदीप बिश्नोई ने कै. अभिमन्यु की माता के निधन पर शोक जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

**हिसार।** महान राष्ट्रभक्त, भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन भारत की एकता, अखंडता और आत्मसम्मान के लिए उनका संघर्ष सदैव प्रेरणा देगा। वंदन है उस महापुरुष को, जिनकी सोच आज भी राष्ट्र का मार्गदर्शन करती है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई ने आदमपुर में आवास पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। इस दौरान पूर्व विधायक रेणुका बिश्नोई और नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने भी डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन किया। कुलदीप बिश्नोई ने इस दौरान हलकवासियों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों से बात करके उनको दूर करने का प्रयास किया। इससे पूर्व उन्होंने रोहतक पहुंचकर पूर्व वित्त कैप्टन अभिमन्यु की माता श्रीमती परमेश्वरी देवी के आकस्मिक निधन पर उनके निवास स्थान रोहतक में पहुंचकर शोक जताया।

---

# जनकल्याण एसोसिएशन की बैठक में उठे जनहित के मुद्दे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जनकल्याण एसोसिएशन सेक्टर 16 व 17 की बैठक प्रधान सुजान सिंह बेनीवाल की अध्यक्षता में भगत सिंह पार्क में हुई। इस अवसर पर वार्ड 14 की पार्षद सुमन यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। एसोसिएशन ने पार्षद डॉ. सुमन यादव को सेक्टर की विभिन्न मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। इन समस्याओं में पानी की सप्लाई के लिए बुस्टिंग स्टेशन की आवश्यकता, सीनियर सिटीजन क्लब की स्थापना, पावर हाउस और कमर्शियल एरिया में वॉशरूम की व्यवस्था, सीवरेज व बारिश के पानी की उचित निकासी, सेक्टर के अंदर आवारा कुत्तों का बढ़ता आतंक, खाली प्लॉटों में उगी झाड़ियां, कीकर और झाड़-झंखाड़, तथा जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर जैसी प्रमुख समस्याएं शामिल थीं। पार्षद डॉ. सुमन यादव ने जनकल्याण एसोसिएशन को आश्वासन दिया कि वह वार्ड 14 की सभी समस्याओं को प्रशासन के समक्ष गंभीरता से उठाएंगी और उनके त्वरित समाधान के लिए हर संभव प्रयास करेंगी। इस बैठक में उपप्रधान राजेंद्र जांगड़ा, खजांची महावीर सिंह पूनिया, डॉ. बलबीर दाडी, राजाराम गोदारा, धर्मचंद दलाल, राजेंद्र जालंधरा, सतबीर जांगड़ा, सेवा सिंह जांगड़ा, महासचिव अनिल कुमार जलंधरा एडवोकेट सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



हिसार। जनकल्याण एसोसिएशन की बैठक में उपस्थित पार्षद डॉ. सुमन यादव व अन्य एसोसिएशन के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

---

# राष्ट्रीय काजला खाप उत्तरप्रदेश इकाई का किया गया विस्तार

**हिसार।** राष्ट्रीय काजला खाप के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपप्रधान चन्द्रभान काजला ने कहा है कि उत्तरप्रदेश के शामली में काजला खाप के राष्ट्रीय संरक्षक प्रदीप काजला, राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल काजला और उत्तरप्रदेश इकाई के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद काजला व खाप के अन्य प्रबुद्धजन से गहन विचार विमर्श के बाद काजला खाप उत्तरप्रदेश इकाई का पुनर्गठन के साथ विस्तार किया गया है। उत्तरप्रदेश प्रदेश इकाई के पदाधिकारियों और कार्यकारिणी के सदस्यों की सूची इस प्रकार से है। शामली जिले के पूरमाफी गांव के प्रमोद काजला को प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व दिया गया है इसके साथ उपाध्यक्ष के रूप में शेखपाल काजला, पुष्पेंद्र काजला, नीटू काजला, डीएसपी सुभाष काजला, योगेन्द्र काजला, नीरज काजला, बाबी उर्फ राज काजला, आदेश काजला, प्रमोद काजला, शामवीर काजला को दायित्व दिया गया है। प्रदेश महासचिव का दायित्व शशिकांत काजला, रणवीर काजला, जयपाल काजला, मनोज काजला, उदयवीर, बबलू, श्रीपाल काजला, जितेन्द्र काजला, सचिन को दिया गया है। प्रदेश सचिव का दायित्व धर्मेंद्र काजला, ठेकेदार संदीप काजला, विक्की काजला, आर्य धर्मपाल काजला, भूपेंद्र काजला, वीरेंद्र को दिया गया है!

---

# समाधान शिविर में अधिकारियों ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में सोमवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लिया और अपनी विभिन्न प्रकार की शिकायतें व समस्याएं अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कीं। शिविर में नगराधीश हरिराम एवं एसडीएम ज्योति मित्तल ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और मौके पर उपस्थित संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता और समयबद्धता के साथ किया जाए।

नगराधीश हरिराम ने कहा कि समाधान शिविर केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह प्रशासन और जनता के बीच सेतु का कार्य करता है, जिससे नागरिकों को सरकार से सीधे जुड़ने और अपनी समस्याएं रखने का सशक्त मंच प्राप्त होता है।



हिसार। समस्याओं की सुनवाई करते नगराधीश हरिराम एवं एसडीएम ज्योति मित्तल।

---

# पूर्वांचल समिति सदस्य जयप्रकाश से मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

पूर्वांचल जन कल्याण संगठन समिति का प्रतिनिधिमंडल सांसद जयप्रकाश से मिला और उन्हें पत्र देकर उनके द्वारा सांसद कोष से घोषित अनुदान राशि उनके बैंक खाते में डलवाने का अनुरोध किया। समिति के प्रधान विनोद साहनी की अध्यक्षता में सांसद जयप्रकाश से मिले समिति सदस्यों ने बताया कि गत 8 नवम्बर को जिंदल पार्क, मिल गेट में आयोजित छठ पूजा के अवसर पर मुख्यातिथि के रुप में पहुंचे सांसद जयप्रकाश ने समिति को दो लाख 51 हजार रुपये राशि देने की घोषणा की थी। सांसद से मिलने वालों में आचार्य मुरलीधर पाण्डेय, आचार्य शिवपूजन मिश्र, रविन्द्र सिंह आदि शामिल रहे।



हिसार। पूर्वांचन जन कल्याण संगठन समिति के सदस्य सांसद जयप्रकाश से मिलते हुए।

---

# एकादशी की शोभा यात्रा के लिए तिरुपति धाम में उमड़े श्रद्धालु

- बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन में भजन सुनकर झूमने लगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

एकादशी के शुभ अवसर पर श्री तिरुपति बालाजी धाम में भगवान वेंकटेश जी की सवारी शोभा यात्रा धूमधाम से निकाली गई। इससे पूर्व प्रातःकाल विभिन्न पवित्र द्रव्यों से भगवान वेंकटेश जी का तिरुमंजन किया गया।

सायंकाल जय श्रीमन्ननारायण, जय गोविंदा व जय भगवान वेंकटेश के जयघोष के साथ भगवान वेंकटेश जी के साथ माता लक्ष्मी जी व माता भूदेवी जी को रथ पर स्थापित पालकी में विराजमान किया गया। पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ भगवान वेंकटेश जी की आराधना करते हुए सवारी शोभा यात्रा शुरू हुई। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने रस्सी से भगवान वेंकटेश जी की सवारी को खींचकर अपने इष्ट के प्रति आस्था जताई। सवारी शोभा यात्रा के साथ पूरे धाम की विधिवत रूप से उत्साहपूर्ण भावना के साथ परिक्रमा की गई। शोभा यात्रा के उपरांत श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया।



हिसार। तिरुपति धाम में एकादशी की सवारी शोभा यात्रा में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण।

### श्याम बाबा के दरबार में नतमस्तक हुए श्रद्धालु

**हिसार।** आध्यात्मिक विचारधारा के पोषक प्रसिद्ध बीड़ बबरान धाम में संकीर्तन के लिए श्याम बाबा के दरबार को सजाकर भव्य स्वरूप दिया गया। दरबार में माथा टेकने व मन्नत मांगने के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु विभिन्न क्षेत्रों से बीड़ बबरान धाम में पहुंचे। श्याम बाबा का भव्य दरबार देखकर भक्त अनायास ही नतमस्तक हो गए। इस दौरान श्याम बाबा का संकीर्तन भी धूमधाम से आयोजित किया गया। संकीर्तन के दौरान भजनों के माध्यम से श्याम बाबा की महिमा का गुणगान किया गया। कदम-कदम पर रक्षा करता, घर-घर करे उजाला खाटू वाला भजन सुनकर बहुत से श्रद्धालु झूमने लगे। भक्तों ने श्याम बाबा के चरणों में अपनी अर्जी लगाकर पूजा व आराधना की और अपने कष्टों के निवारण की कामना की। भक्तों ने श्याम बाबा के दरबार, शिव परिवार, अखंड जोत, धूणे, व मढ़ी के भी दर्शन किए।

---


## श्री रामलीला कमेटी (कटला), हिसार

**सार्वजनिक सूचना**

1. संभावित दिवंगत आजीवन सदस्यों की सूची पर अंतिम आपत्ति आमंत्रण -
   दिनांक 3 जून 2025 को कमेटी द्वारा सार्वजनिक की गई संभावित 175 दिवंगत आजीवन सदस्यों की प्रारंभिक सूची पर प्राप्त सभी आपत्तियों का निपटान कर दिया गया है।
   फिर भी, कमेटी पारदर्शिता और निष्पक्षता की दृष्टि से आपत्तियों के लिए एक अंतिम अवसर प्रदान कर रही है। यदि किसी सदस्य, परिजन या नागरिक के पास इस सूची में शामिल किसी नाम से संबंधित कोई जानकारी, दस्तावेज या वैध आपत्ति हो, तो वह इसे दिनांक 30 जून 2025 तक प्रशासक के समक्ष लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है।

**महत्वपूर्ण:**
- दिनांक 30 जून 2025 के बाद कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी तथा आजीवन सदस्यता सूची संशोधित कर दी जाएगी।
- इसके बाद संभावित दिवंगत सदस्यता सूचि में से कोई आजीवन सदस्य सामने आता है, तो प्रक्रिया के अनुसार पुनः सदस्यता बहाल हो जायेगी।

2. आजीवन सदस्यों से अंशदान व ब्याज राशि जमा करवाने का अनुरोध - वर्तमान वर्ष 2025-26 के लिए प्रत्येक सदस्य 200 रुपये वार्षिक अंशदान तथा संविधान अनुसार बकाया ब्याज 270 रुपये सहित कुल 470 रुपये तथा जिन सदस्यों का पिछला अंशदान भी बकाया है, उनका कुल 1070 रुपये (अंशदान व ब्याज सहित) देय बनता है।
   आप सभी आजीवन सदस्यों से अनुरोध है कि देय राशि 15 जुलाई 2025 तक नीचे दिए गए केंद्र पर कार्य दिवसों में सायं 6:30 से रात्रि 8:30 बजे के बीच अनिवार्य रूप से जमा कराएं।
   भुगतान माध्यम: केवल UPI / चेक / डिमांड ड्राफ्ट (DD) मान्य होंगे।
   भुगतान के समय साथ लाना अनिवार्य है :
   आधार कार्ड की स्पष्ट प्रति, सक्रिय मोबाइल नंबर, भुगतान की प्रिंटेड रसीद / पेमेंट प्रूफ
   नोट: चेक बाउंस होने पर बैंक शुल्क संबंधित सदस्य द्वारा वहन किया जाएगा।

**राशि जमा करने हेतु अधिकृत प्रतिनिधि:**
श्री रमेश लोहिया
मोबाइल : 94160-41763
पवन कुमार अमरनाथ, दिल्ली गेट, हिसार।

एन. के. गोयल
प्रशासक – श्री रामलीला कमेटी कटला, हिसार
मोबाइल: 94162-65977

## खबर संक्षेप

### नशे के खिलाफ जागरूकता फैलाने का आह्वान

**हिसार।** गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, हिसार की एनएसएस इकाई द्वारा एक नशा मुक्ति सत्र का आयोजन किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. दिनेश नैन ने विद्यार्थियों को नशे के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक प्रभावों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।



### देसी गाय का है सोने युक्त दूध : राजेंद्रानंद महाराज

**उकलाना** श्री कृष्ण गोशाला कमेटी द्वारा श्री धेनु मानस यज्ञ का आयोजन किया गया। श्री धेनु मानस ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन गो ऋषि राजेंद्रानंद महाराज ने कहा कि भारतीय गाय पर कोरोना काल के दौरान अनुसंधान हुआ जिसमें उसके दूध में जहर का अंश नहीं मिला जबकि भैंस व जर्सी गाय में जहर का अंश मिला। लेकिन जब मांस के टुकड़ों का शोध किया गया तो उसके मांस में जहर नहीं था जबकि जर्सी गाय व भैंस के मांस में जहर था। उन्होंने कहा कि जो मां के दूध में पोषक तत्व है वैसे ही पोषक तत्व हमारे देसी गाय में है। तभी हम बच्चे को गाय का दूध पिलाते। महाराज ने कहा कि श्री कृष्ण का मुख भी इसी गाय से है। इस गाय में जो कुब होता है वह शिवलिंग की भांति है, जो सोने से युक्त है।

### एससी कॉलेज की छात्रा सुदेश गुजवि में रही प्रथम



**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की एमए योग प्रथम वर्ष की छात्रा सुदेश ने 85.08 फीसद अंक प्राप्त करके गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

## 30 को समाप्त हो रहा 11 से 20 वार्ड के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का टेंडर

# टेंडर समाप्तः कचरा संग्रहण का कार्य अब करेगा नगर निगम

संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम के 11 से 20 वार्ड के डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण करने वाले एजेंसी का टेंडर 30 जून को समाप्त हो जाएगा। इन वार्डों में कचरा संग्रहण का कार्य स्वयं नगर निगम प्रशासन करेगा। जब तक नई एजेंसी नहीं मिल जाती, तब तक इन वार्डों में सफाई का जिम्मा निगम प्रशासन खुद संभालेगा।

इसको लेकर नगर निगम के मुख्य सभागार में निगमायुक्त के आदेशानुसार संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बैठक की। इसमें सीएसआई राजकुमार, एएसआई कपिल, एएसआई राहुल सैनी, सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू सहित कर्मचारी मौजूद रहे।



हिसार : बैठक को संबोधित करते नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. प्रीतपाल सिंह। फोटो : हरिभूमि

#### मॉनिटरिंग के लिए लगाई ड्यूटियां

बैठक के दौरान संयुक्त आयुक्त ने बताया कि आगामी 30 जून को 11 से 20 वार्ड डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का टेंडर समाप्त हो जाएगा। इसके बाद 11 से 13 वार्ड का कार्य तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुंडू, 14 से 16 वार्ड का कार्य सीटीएल प्रदीप जाखड़ और 17 से 20 वार्ड का कार्य एएसआई कपिल के द्वारा मॉनिटरिंग किया जाएगा। इसके साथ ही उनके द्वारा सेकेंडरी प्वाइटों को साफ करवाने का कार्य की भी देखेंगे।

#### सभी तैयारियां पूरी

नगर निगम की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जब तक नई एजेंसी को डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य नहीं दिया जाता। तब तक नगर निगम द्वारा कार्य किया जाएगा।

डॉ. प्रीतपाल सिंह, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम।

# राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता के लिए हिसार टीम का चयन



हिसार । शतरंज प्रतियोगिता में हिस्सा लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

- गीतांश, प्रगति, कार्तिक गिल व प्राची रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में जिला हिसार शतरंज टीम का चयन किया गया, जिसमें बहादुरगढ़ में होने वाले 28 व 29 जून को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हिसार टीम का चयन किया गया। प्रतियोगिता में आयु वर्ग 11 व 17 साल के लड़के और लड़कियों का चयन किया गया ।

एडवोकेट नीरज वर्मा व डॉ. एस बी लूथरा ने बताया कि आयु वर्ग 11 साल लड़कों के 6 राउंड होने के बाद टॉप 10 रिजल्ट में पहले स्थान पर गीतांश मेहता, दूसरे स्थान पर ध्रुवंश मेहता, तीसरे स्थान पर हर्षवर्धन सिंह, वहीं चार से लेकर दसवें स्थान तक रोहन, राघव अग्रवाल, निखिल इशांत गर्ग, आयान बंसल, जय आदित्य भयाना, आरव गोयल, आयु वर्ग 11 साल लड़कियों में प्रथम स्थान पर प्रगति, द्वितीय स्थान पर रिद्धि, तृतीय स्थान पर खुशी शर्मा तथा चार से दसवें स्थान तक मिहिका गुणपाल, रूहानी, भूमि वर्मा, योशिका, अव्यय, कियारा, पुण्य रही।

आयु वर्ग 17 साल लड़कों के पांच राउंड के मुकाबले के पश्चात प्रथम स्थान पर कार्तिक गिल, द्वितीय स्थान पर मीत, तृतीय स्थान पर अचिंत्य रहा। इसके अलावा इसी वर्ग में चार से दसवें स्थान पर रहने वालों में देवांश, अरुण, गोयल, नमन, अंश तायल, देवांश गहलान, उत्तम सिंह, योगेंद्र पवार विजेता रहे आयु वर्ग 17 साल लड़कियों में चार राउंड के पश्चात प्रथम स्थान पर प्राची मेहता, द्वितीय स्थान पर महक अग्रवाल, तृतीय स्थान पर गायत्री तथा चार से 10 स्थान तक कोमल, यशस्वी ,कनिष्क, जैयसा, रिदम गुणपाल, तनिष्का ,युविका रही। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# भाजपा ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष रहे एवं प्रख्यात देशभक्त डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर हांसी विधानसभा के बूथ नं 93 पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम संयोजक एवं बूथ पालक प्रवीण सिंगला ने बताया कि इस अवसर पर शक्ति केंद्र प्रमुख एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को अपने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए एडवोकेट धर्मवीर रतेरिया ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष रहे एवं देश के प्रथम उद्योग मंत्री डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारत की एकता और अखंडता के लिए आज के ही दिन अपने प्राणों को आहुति दी थी। उनका बलिदान व्यर्थ नही गया और केंद्र मे नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व मे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जम्मू कश्मीर से धारा 370 व 35 को हटा कर उनके स्वप्न को साकार करने का कार्य किया।



हांसी। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित करते

# ब्राह्मण समाज का हुआ सम्मान समारोह



हांसी। नवनियुक्त प्रधान रत्नलाल शर्मा व अजय भारद्वाज का पगड़ी पहनाकर स्वागत करते सर्व समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हिसार ब्राह्मण धर्मशाला के प्रधान रत्न लाल शर्मा व हांसी ब्राह्मण धर्मशाला के अजय भारद्वाज को सर्वसम्मति से प्रधान चुनने पर मंडी सैनियान में नन्द किशोर भारद्वाज के प्रतिष्ठान पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। नगर परिषद के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि सुमन शर्मा ने कहा कि ब्राह्मण हमेशा नेतृत्व करने वाला व सबको साथ लेकर चलने वाला है। इस अवसर पर सुमन शर्मा ने कहा कि हिसार जिले के ब्राह्मणों ने दो प्रधानों को सर्वसम्मति से चुन कर सराहनीय कार्य किए वह काबिले तारीफ है। इस अवसर पर समाजसेवी विष्णु शर्मा, महेंद्र भारद्वाज, पवन शर्मा, नंदकिशोर भारद्वाज, विजय वशिष्ठ, अन्नू भारद्वाज, शिव पंडित, अक्षय वत्स, शैलेन्द्र भारद्वाज, पृथ्वी घिराईया, हरकिशन शर्मा, पंकज भारद्वाज, ललित भारद्वाज,शमशेर नंबरदार, जगत शर्मा, अनिल शर्मा चक्की वाला, सुरेश शर्मा, राधु शर्मा, मुन्ना शर्मा, कांग्रेस नेता राहुल मक्कड़, भाजपा नेता राजेश ठकराल,पार्षद कृष्ण सैनी, पार्षद प्रवीण बाल्मीकि, पार्षद शंटी भुजेजा, आशीष उर्फ पिंकू व दुली चन्द आदि मौजूद थे।



ओलंपिक दिवस पर युवाओं को दिया नशे से दूर रहने व खेलों से जुड़ने का संदेश

# ओलंपिक दिवस पर युवाओं को दिया नशे से दूर रहने व खेलों से जुड़ने का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

ओलंपिक दिवस के अवसर पर सोमवार को हांसी पुलिस द्वारा उमरा स्थित एशियन स्पोर्ट्स स्कूल में खेल एवं सामाजिक चेतना समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर युवाओं को नशे से दूर रहने व खेलों से जुड़ने का संदेश दिया। उप पुलिस अधीक्षक सिद्वार्थ के नेतृत्व में खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल गतिविधियों में भाग लेकर ओलंपिक स्पिरिट, अनुशासन, एकता और उत्कृष्टता को दर्शाया। खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत प्रदर्शन ने दर्शकों को उत्साहित किया और यह संदेश दिया कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन में अनुशासन और सफलता की कुंजी हैं।स अवसर सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुमेर सिंह ने कहा कि पुलिस का प्रयास है कि हम समाज को केवल सुरक्षित ही नहीं, बल्कि संस्कारित भी बनाएं। जहां हर युवा एक खिलाड़ी बने और हर नागरिक जागरूक हो।

# भाविप गायत्री ने लगाया रक्तदान शिविर

- शिविर का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक पंकज कौडल ने दीप प्रज्वलित करके किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरवाला

भारत विकास परिषद,गायत्री शाखा बरवाला एवं जनता अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में अनंत राम जनता अस्पताल ब्लड सेंटर बरवाला में रक्तदान शिविर लगाया गया। भाविप शाखा बरवाला अध्यक्ष पवन शर्मा और सचिव राजेंद्र भट्ट ने बताया कि इस शिविर का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक पंकज कौडल ने दीप प्रज्वलित करके किया और समापन मुख्य अतिथि एसडीएम डॉक्टर वेद प्रकाश द्वारा किया गया। शिविर की अध्यक्षता भारत विकास परिषद के वरिष्ठ सदस्य जिले सिंह जाखड़ ने की। अनंत राम जनता अस्पताल ब्लड सेंटर के संचालक रोशन लाल सैनी, डॉ अन्नतराम बरवाला, सुनील कुमार सिंगला व शिव कुमार कौशिक ने भी शिविर में भाग लेकर रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डाला। शिविर में कुल 21 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की।



बरवाला : रक्तदाता शिव कुमार कौशिक की हौसला अफ़ज़ाई करते भाविप गायत्री शाखा के पदाधिकारी व सदस्यगण फोटो : हरिभूमि

# 'म्हारी हरी भरी हांसी' अभियान के तहत रोपे जाएंगे पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल क्षेत्र को हरा-भरा बनाने के लिए म्हारी हरी भरी हांसी नामक अभियान चलाया जाएगा। आगामी 8 जुलाई से 8 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान में 10 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए सामाजिक संगठनों, ग्राम पंचायतों, सरकारी विभागों तथा आमजन का सहयोग लिया जाएगा।

एसडीएम राजेश खोथ के नेतृत्व में चलाए जाने वाले इस अभियान को लेकर उप मंडल प्रशासन द्वारा एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई है। पौधों को समूहों में रोपित किया जाएगा। हर समूह में पांच पौधे रोपित होंगे। पौधों के प्रत्येक समूह का रिकॉर्ड मेंटेन किया जाएगा। इसके लिए वन विभाग तथा एसडीएम कार्यालय में विशेष रजिस्टर लगाए जाएंगे।

### पूर्व में लगाए पौधे की भी होगी देखभाल

पिछले वर्ष रोपित पौधों की भी की जाएगी देखभाल म्हारी हरी भरी हांसी अभियान के प्रथम चरण में नए पौधों को रोपित करने के साथ-साथ पिछले वर्ष रोपित किए गए पौधों की भी देखरेख की जाएगी। इस पूरे अभियान का मकसद क्षेत्र में पौधों के जरिए हरियाली को बढ़ाना रहेगा।प्रशासन उपलब्ध करवाएगा निः शुल्क पौधे एसडीएम खोथ ने बताया कि जुलाई अगस्त तथा सितंबर माह पौधा रोपण करने के लिए सर्वोत्तम समय होता है। इस समय अवधि में रोपित पौधे अच्छी ग्रोथ करते हैं।



हांसी। सरकारी नर्सरी में तैयार पौधे। फोटो : हरिभूमि

#### पौधों की 2 साल रखी जाएगी संभाल

इस अभियान के अंतर्गत रोपित होने वाले हर पौधे की बड़े होने तक संभाल रखी जाएगी। पौधों के प्रत्येक समूह के लिए एक प्रेरक तथा पालक लगाया जाएगा। प्रेरक का काम लोगों को पौधारोपण के महत्व बारे जागरूक करना तथा पालक का कार्य पौधों की दो वर्ष तक देखभाल करना रहेगा। पौधों के समूह की को- ऑर्डिनेट मैपिंग भी की जाएगी।

#### स्थलों का चयन



एसडीएम खोथ ने बताया कि इस अभियान को लेकर वन विभाग, पंचायत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग सहित 10 विभाग चिन्हित किया जा चुके हैं। उन्होंने इन सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह अपने अपने कार्यालय परिसर तथा अन्य जगह का चयन कर रिपोर्ट भिजवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि यह वह स्थल होने चाहिए जहां कार्यालय भवनों का विस्तार नहीं होना है ताकि बाद में पौधे काटने न पड़े।

## श्री रामलीला कमेटी कटला की बैठक में बनी आगामी रणनीति

# श्री रामलीला कमेटी ने दिवंगत आजीवन सदस्यता सूची पर अंतिम आपत्तियां मांगीं

- कश्री रामलीला कमेटी कटला की बैठक सेक्टर 15 स्थित एडवोकेट गोपीचंद वर्मा के निवास पर हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

श्री रामलीला कमेटी कटला की बैठक सेक्टर 15 स्थित एडवोकेट गोपीचंद वर्मा के निवास पर हुई। कमेटी के प्रशासक एनके गोयल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कमेटी के कानूनी सलाहकार एडवोकेट गोपीचंद वर्मा व सलाहकार समाजसेवी वास्तु आर्किटेक्ट सत्यपाल अग्रवाल उपस्थित रहे। बैठक में कमेटी की आगामी चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाने, सूचना पारदर्शिता बढ़ाने तथा सदस्यता सूची व अंशदान से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया की यदि सूची में शामिल किसी सदस्य के जीवित होने की पुष्टि बाद में होती है, तो संविधान अनुसार सदस्यता पुनः बहाल कर दी जाएगी।

बैठक में चुनावी प्रक्रिया शुरू करने के लिए सर्वप्रथम सभी सदस्यों से वर्तमान वार्षिक का सिद्धांत व बकाया राशि लेने का निर्णय लिया गया। प्रशासक गोयल ने बताया कि कोई भी भुगतान नगद राशि के रूप में न लेकर केवल यूपीआई, चेक व डिमांड ड्राफ्ट के जरिए लिया जाएगा।



हिसार । श्री रामलीला कमेटी की मीटिंग में भाग लेते एनके गोयल, गोपीचंद वर्मा व सत्यपाल अग्रवाल।

#### अधिकारियों की मॉनिटरिंग के लिए लगाई ड्यूटियां

बैठक में 3 जून को कमेटी द्वारा जारी संभावित 175 दिवंगत आजीवन सदस्यों की प्रारंभिक सूची पर प्राप्त समस्त आपत्तियों का यथोचित निपटान किए जाने के उपरांत भी ओर ज्यादा पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से अंतिम आपत्ति का अवसर देने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि किसी सदस्य, परिजन अथवा नागरिक के पास इस सूची में शामिल किसी भी नाम के संदर्भ में कोई सशक्त जानकारी, दस्तावेज़ अथवा वैध आपत्ति हो, तो वह इसे दिनांक 30 जून तक प्रशासक एनके गोयल के समक्ष लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है।

### हांसी जिला बनाओ संघर्ष समिति को संघर्ष करते हुए 12 साल पूरे



**हांसी।** हांसी को जिला बनाने की मांग को लेकर आज से ठीक 12 साल पहले 23 जून 2013 को हांसी जिला बनाओ संघर्ष समिति ने शहीद-ए-आजम पार्क में धरना प्रदर्शन करके जिला बनाने कि मांग उठाई थीहांसी जिला बनाओ संघर्ष समिति के 12 साल पूरे होने पर सोमवार को त्रिकोणा पार्क पर एक दिन का सांकेतिक धरना देकर सरकार से हांसी को जिला बनाने की मांग की गई।इस अवसर पर हांसी जिला बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष रामनिवास फौजी ने बताया कि इन 12 सालों में समिति काफी उतार चढ़ाव देखे हैं लेकिन समिति ने कभी भी हिम्मत नहीं हारी। हांसी को जिला बनाने की मांग को लेकर अपना संघर्ष जारी रखा। इस अवसर पर हमेश खुराना, लीलू राम, योगराज रामी फतेह सिंह गुर्जर, कैप्टन नरेश, चरण सिंह, कृष्ण ऐलावादी, होशियार सिंह, प्यारे लाल फौजी, देवराज जर्मनी, रमेश भुटानी, रमेश चुघ, हंसराज खेत्रपाल सहित काफी संख्या में जिला संघर्ष समिति सदस्य मौजूद थे।

